दिनांक 24.02.2024 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 24.02.2024 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम, मुख्यालय, मोतीझील स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती प्रमिला पाण्डेय | महापौर / सभापति |
| 2. | श्री सन्तोष साहू | सदस्य / उपसभापति |
| 3. | श्री निर्देश सिंह चौहान | सदस्य |
| 4. | श्री विकास जायसवाल | सदस्य |
| 5. | श्री देवेन्द्र द्विवेदी | सदस्य |
| 6. | श्री दीपक शर्मा | सदस्य |
| 7. | श्री आशुमेन्द्र प्रताप सिंह | सदस्य |
| 8. | श्रीमती आरती गौतम | सदस्य |
| 9. | श्री पवन गुप्ता | सदस्य |
| 10. | श्री योगेन्द्र शर्मा | सदस्य |
| 11. | श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू' | सदस्य |
| 12. | श्री लियाकत अली | सदस्य |
| 13. | श्रीमती अंजुलि आदर्श दीक्षित | सदस्य |

अधिकारीगण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री शिवशरणप्पा जी.एन. | नगर आयुक्त |
| 2. | मो0 अवेश | अपर नगर आयुक्त |
| 3. | श्री जगदीश यादव | अपर नगर आयुक्त |
| 4. | श्री अमित कुमार भारतीय | अपर नगर आयुक्त |
| 5. | श्री कृपा नन्द शुक्ला | मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी |
| 6. | श्री मनीष अवस्थी | मुख्य अभियन्ता ''सिविल'' |
| 7. | डॉ अजय संखवार | नगर स्वास्थ्य अधिकारी |
| 8. | डॉ अमित सिंह | नगर स्वास्थ्य अधिकारी |
| 9. | श्री अनिरूद्ध सिंह | मुख्य कर निर्धारण अधिकारी |
| 10. | श्री आनन्द कुमार त्रिपाठी | महाप्रबन्धक, जलकल |
| 11. | श्री अखिलेश चंद्र तिवारी | सहायक लेखाधिकारी / वित्त अधिकारी, जलकल |
| 12. | श्री पी0 के0 सिंह | सचिव, जलकल। |
| 13. | श्री राजेश सिंह | सचिव नगर निगम |

सभापति ने सर्वप्रथम नगर आयुक्त को एजेण्डानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। तद्नुसार नगर आयुक्त ने सभी मा0 कार्यकारिणी सदस्यों, अधिकारियों एवं मीडिया बन्धुओं का स्वागत करते हुए अपर नगर आयुक्त ''प्रथम'' को कार्यसूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

सभापति ने सदस्यों से पूछा कि यदि सभी लोगों ने नगर निगम एवं जलकल मूल बजट वित्तीय वर्ष 2024—25 अध्ययन कर लिया हो तो अवगत कराये।

श्री अभिषेक गुप्ता मोनू ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष के बजट में पार्षदो के विकास कार्यो के लिये धन आवंटित किया गया था, इस बार के बजट में प्राविधानित नहीं है।

सभापति ने मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी से पूछा कि विगत वर्ष था तो इस बार क्यों नही है।

श्री कृपा नन्द शुक्ला, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी ने अवगत कराया कि पिछली बार मा0 कार्यकारणी के आदेश से किया गया था, ऐसी कोई वित्तीय व्यवस्था नहीं है।

श्री अभिषेक गुप्ता मोनू ने कहा कि रू0 25 लाख प्रति पार्षद के हिसाब से वित्तीय वर्ष 2024—25 के मूल बजट में भी व्यवस्था की जानी चाहिए, क्यों कि बजट में गृह कर से आय रू0 300 करोड़ दर्शायी गयी है, यह नगर निगम निधि का धन है।

**सभापति ने कहा कि पिछली बार प्रति पार्षद रू0 25 लाख का विकास कार्य हेतु दिया गया था। 15 वें वित्त आयोग में जहॉ नगर निगम सीमा के बाहरी क्षेत्र जो पिछड़े इलाके है, जैसे श्याम नगर, नौबस्ता इत्यादि क्षेत्रों में दिया गया है।**

श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त ने कहा कि 15 वें वित्त आयोग में किस मद में कितना व्यय किया जाना है, यह निर्देशित रहता है।

श्री अभिषेक गुप्ता मोनू ने कहा कि हम गृह कर के बंटवारे की बात कह रहे है, 15 वें वित्त आयोग के बारे में नहीं कह रहे है। यदि 15 वें वित्त आयोग में रू0 50 करोड़ भी देंगे, तो उसमें हस्तक्षेप नहीं कर रहे है। हम नगर निगम निधि की बात कर रहे है। नगर निगम को उद्योग बन्धु में भी राजस्व वसूली का 60 प्रतिशत धन विकास कार्य में खर्च करना पड़ता है, क्यों कि उद्योग बन्धु में जिलाधिकारी का भी हस्तक्षेप रहता है।

श्री देवेन्द्र द्विवेदी ने कहा पार्षदो हेतु एक मिनीमम बजट बजट में आवंटित किया जाये।

सभापति ने सदस्यों से पूछा कि यदि किसी शून्य खर्च किया गया है, तो अवगत करायें।

श्री योगेन्द्र शर्मा ने कहा हमारे क्षेत्र वार्ड 65 में कोई कार्य नहीं हुआ है।

**सभापति ने मुख्य अभियन्ता सिविल को वार्ड 65 में कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**

श्री विकास जायसवाल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में फीलखाना, महेश्वरी मोहाल, चटाई मोहाल, दानाखोरी चार वार्डो की जनता कई माह से परेशान है, इन वार्डो की जनता दूषित जल पीने को मजबूर है। महाना जी के आफिस से शिव सोम टावर तक सीधी लाइन नहीं पड़ पा रही है। मेट्रो वालो ने मेन

लाइन खोद डाली है। मेट्रो वालो के कार्यो के कारण भी जनता परेशान है। मेट्रो के अधिकारियों से बात करने पर भी कोई सार्थक रिस्पान्स नही मिलता है। जी0एम0 जलकल महोदय के साथ मैने कई बार निरीक्षण किया गया है परन्तु मेट्रो से कोई नही आता है।

महाप्रबन्धक जलकल द्वारा अवगत कराया गया कि सभापति महोदया आपके संज्ञान में लाना है कि मेट्रो के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाता है परन्तु मौके पर फील्ड पर कोई अधिकारी उपस्थित नही रहता। इससे जनहित में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। महाप्रबन्धक जलकल द्वारा अनुरोध किया गया कि एक मीटिंग महापौर जी की अध्यक्षता में मेट्रो एवं जलकल के बीच कराये जाने की आवश्यकता है, क्यों कि वहॉ मौके पर मेट्रो का इंजीनियर नही मिलता है। मेट्रो का डि–वाटरिंग पम्प अक्सर बन्द रहता है। उक्त क्षेत्रों में कार्य हेतु डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी0पी0आर0) पेन्डिंग है।

**सभापति ने नगर आयुक्त को मेट्रो, जलकल के साथ मीटिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया।**

श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त द्वारा तत्काल अपर नगर आयुक्त प्रथम को इस प्रकरण का संज्ञान लेने हेतु निर्देशित किया गया व कहा गया कि मेट्रो के अधिकारियों से कोआर्डिनेट कर बैठक कराये एवं समस्या की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये।

श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त ने कहा प्रबन्ध निदेशक जल निगम के साथ बैठक में यह प्रकरण आया था कि उक्त कार्य के लिये पूर्व से धन आवंटित है अथवा नहीं ? इसकी एक लिखित रूप से रिपोर्ट एम0डी0 जल निगम से मॉगी गयी, जिसके आने के उपरान्त ही आंवटित की गई धनराशि की वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी क्यों कि उक्त कार्य हेतु दोबारा धन आवंटित न हो जाये, यह भी ध्यान देना आवश्यक है।

श्री निर्देश सिंह चौहान ने कहा कि हमारे क्षेत्र मे काली पूजा पार्क में एक वर्ष पूर्व ट्यूब वेल लगाया गया है, यह चालू हालत में है, किन्तु पानी की लाइन नहीं है। यदि पानी की लाइन डाली गयी तो ट्यूब वेल एक वर्ष बाद बेकार हो जायेगा।

श्री आनन्द कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उक्त ट्यूब वेल स्थल परिवर्तन के अन्तर्गत लगाया गया था, किन्तु उक्त क्षेत्र में वाटर लाइन नहीं है। लगभग एक करोड़ पचास लाख का खर्च आयेगा, राइजिंग लाइन इत्यादि डालनी पड़ेगी।

श्री निर्देश सिंह चौहान ने कहा कि श्याम नगर में 07 करोड़ खर्च करके ग्रीन बेल्ट बनाया गया था, उसकी स्थिति काफी खराब है, उसका सुधार कराया जाये। जोन 02 का क्षेत्र काफी बड़ा वहॉ पर मार्ग प्रकाश की कोई गाड़ी नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र की मार्ग प्रकाश की लाईटें समय से ठीक नहीं हो पाती है, जोन–02 में मार्ग प्रकाश की लाइट ठीक करने हेतु वाहन आवंटित किया जाये।

**सभापति ने श्री आर0के0सिंह को निर्देशित किया कि श्री निर्देश सिंह चौहान से मिलकर समस्या का निराकरण कराया जाये एवं जोन–02 में मार्ग प्रकाश को वाहन आवंटित किया जाये।**

श्री देवेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2019 में गृह कर में ओ0टी0एस0 लाया गया था, जो धन जमा किया गया था, वह फीड नहीं हुआ है, जनता पार्षदों को फोन करती है।

**सभापति ने पूछा कि उक्त समस्या क्यों है ?**

**श्री विनय प्रताप सिंह ने कहा कि ओ0टी0एस0 मैनुअल हो गया था। गृह कर साफ्टवेयर में अभी तक अपग्रेडेशन नहीं हो पाया है, जिसके कारण समस्याएं आ रही है।**

श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि गृह कर साफ्टवेयर में अभी तक अपग्रेडेशन नहीं हो पाया है, जो रसीद मिलती है, उसके अक्षर भी उड़ जाते है। जैसे केस्को का जमा एवं बकाये का मैसेज आता उसी प्रकार मैसेज किया जाये।

**मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि नये गृह कर साफ्टवेयर को अपग्रेड किये जाने के साथ मोबाइल से जोड़ा जा रहा है, गृह कर दाता यदि चाहे तो बेबसाइट से उसका प्रिन्ट निकाल सकता है। पुराने जमा के सम्बन्ध में सभी को लिंक दे दिया गया है। जल्द ही पुराना जमा भी अपडेट हो जायेगा। साफ्टवेयर की समस्या काफी निराकरण किया गया है। केस्को जैसे साफ्टवेयर तक अभी तक नहीं पहुंच पाये है।**

श्री योगेन्द्र शर्मा ने कहा मेरे वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिमी में बिना कार्य के भुगतान हो रहा है, मुझे अवगत कराया गया कि उसका भुगतान नहीं हुआ है, लेकिन मैने स्वयं जॉच की तो जानकारी हुई कि बिना कार्य के 04 बार भुगतान हो चका है। शिकायती पत्र भी दिया था, किन्तु मेरा पत्र भी नहीं लिया जा रहा है।

सभापति ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि इसकी जॉच कराये और दो दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही करायें।

**श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता सिविल को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में जॉच कर अवगत कराये।**

श्रीमती अंजुली दीक्षित ने कहा मेरे वार्ड 55 में 02 नलकून की बोरिंग करके छोड़ दिया गया है। इसमें मशीन इत्यादि लगाया जाये, ताकि गर्मी में जनता को लाभ मिल सके। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों को रू0 25 लाख अतिरिक्त दिया गया था, उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त ने कहा इस लोकसभा निर्वाचन 2024 के कारण बहुत ज्यादा व्यय (expenditure) है।

**सभापति ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि एक आदेश पारित करें कि नाले की सफाई अप्रैल से प्रारम्भ हो जाये और बरसात से पूर्व पूर्ण हो जाये।**

**श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के कारण इस बार नाला सफाई का टेण्डर जनवरी 2024 में ही करा दिया गया है, साथ ही मानव बल द्वारा सफाई का भी टेण्डर करा दिया गया है।**

श्री सन्तोष साहू उपसभापति ने कहा कि गृह कर में वार्डो के परिसीमीन के बाद भी पुराने नम्बर से ही टैक्स आ रहा है। जो क्षेत्र दूसरे वार्डो में चले गये है, उनका दो–दो बिल आ रहा है।

**सभापति ने मुख्य कर निर्धारण को निर्देशित किया कि इसे तत्काल ठीक कराया जाये।**

श्री अभिषेक गुप्ता मोनू ने कहा कि अभी पुराने 2007 एवं 2017 की परिसीमन में गृह कर समस्या का सुधार नहीं हो पाया है। वर्ष 2027 में पुनः वार्डो का परीसीमन होगा तो एक और नई समस्या आ जायेगी पहले पुराने परिसीमीनों का पूर्ण सुधार करा लिया जाये। नगर निगम अपने बजट में 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त धन का उल्लेख करता है, किन्तु जल कल अपने अपने बजट में उल्लेख नहीं करता है।

श्री पवन गुप्ता कि मेरे क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडर्स से पर प्रति दुकान लगभग दो लाख पचास हजार बकाया है, लगभग 50 दुकाने है यदि राजस्व वसूली होगी तो नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही पिछले सदन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को लखनऊ में गृह कर माफ हुआ है। कानपुर नगर में

स्वतंत्रता सेनानियों के 103 मकान चिन्हित है। इन्हें भी लखनऊ की तरह गृह कर में छूट प्रदान की जायें। वर्ष 2021 में सदन में प्रस्ताव भी पास हुआ है।

**प्रस्ताव संख्या – 44**

**मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा प्रस्तुत मूल बजट वित्तीय वर्ष 2024–25 जो मा0 महापौर जी को पृष्ठांकित है, मा0 कार्यकारिणी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।**

**आय**

(धनराशि लाख में)

| Account Code | Account Head | लेखा शीर्षक | लेखा मद | पृष्ठ संख्या | वास्तविक आय 2022–23 तक | पुनरीक्षित धनराशि 2023–24 | वास्तविक आय दिसम्बर 2023 तक | प्रस्तावित धनराशि 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Revenue Income** | | **राजस्व आय** | _ | | | | |
| 1101 | Tax Revenue | 1101 | करो से आय | 3 | 18418.65 | 27512.50 | 13536.28 | 30201.00 |
| 1301 | Rental Income from Properties | 1301 | नगरीय सम्पत्तियों के किराये से आय | 3 | 310.35 | 772.00 | 506.15 | 772.00 |
| 1401 | Fees & User Charges | 1401 | शुल्को से आय | 3-4 | 3093.08 | 5553.40 | 2772.97 | 5693.40 |
| 1501 | Sale & Hire Charges | 1501 | बिक्री एवं भाडे से आय | 4 | 52.69 | 581.10 | 356.08 | 581.10 |
| 1901 | Other Income | 1901 | अन्य आय | 4 | 985.95 | 1305.60 | 602.76 | 1305.50 |
| 1601 | Revenue Grants & Contribution | 1601 | राजस्व अनुदान एवं अंशदान | 4 | 46418.62 | 56710.00 | 44799.51 | 60710.00 |
| | | | | | | | | |
| | **TOTAL -(A )** | | **योग (अ)** | **4** | **69279.34** | **92434.60** | **62573.75** | **99263.00** |
| | **Capital Income** | | **पूँजीगत आय** | - | | | | |
| 3111 | Earmarked Funds | 3111 | कार्य विशेष निधियाँ | _ | | | | |
| 3111 | Finance Commission: Forteenth/Fifteenth | 3111 | वित्त आयोग : चौदहवाँ / पन्द्रहवाँ | 5 | 16290.43 | 24801.00 | 19200.27 | 25201.00 |
| 3111 | Infrastructure Fund, KDA,Awas Vikas | 3111 | अवस्थापना निधि,विकास प्रधिकरण,आवास विकास | 5 | 3455.42 | 4000.00 | 0.00 | 4000.00 |
| 3111 | Other Earmarked Fund | 3111 | अन्य कार्यविशेष निधियाँ | 5 | 5688.82 | 6066.00 | 447.94 | 6061.00 |
| 3304 | Municipal Bond receipts | 3304 | म्यूनिसिपल बाण्ड से प्राप्तियां | 6 | 0.70 | 11400.00 | 0.00 | 2900.00 |
| | | | | | | | | |
| | **TOTAL -B-** | | **योग (ब)** | **6** | **25435.37** | **46267.00** | **19648.21** | **38162.00** |
| | **TOTAL (A+B)** | | **योग (अ+ब)** | **6** | **94714.71** | **138701.60** | **82221.96** | **137425.00** |
| | | | | | | | | |
| 3111 | Reserve Fund (Transfer & Adjustments) | 3111 | रिजर्व फण्ड (हस्तान्तरण एंव समायोजन) | 6 | 161.55 | 620.00 | 27.08 | 0.00 |
| | | | | | | | | |
| | **TOTAL -C-** | | **योग (स)** | **6** | **161.55** | **620.00** | **27.08** | **0.00** |
| | **Total Revenue, Capital & Reserve fund Income A +B+ C** | | **कुल राजस्व,पूँजीगत एवं रिजर्व फण्ड आय (अ+ब+स)** | **6** | **94876.26** | **139321.60** | **82249.04** | **137425.00** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4502 | Opening Balance | 4502 | प्रारम्भिक अवशेषः– | 6 | 45022.58 | 46502.78 | 46502.78 | 49185.68 |
| | **Grand Total** | | **महायोग** | **6** | **139898.84** | **185824.38** | **128751.82** | **186610.68** |

## व्यय

(धनराशि लाख में)

| Account Code | Account Head | लेखा शीर्षक | लेखा मद | पृष्ठ संख्या | वास्तविक व्यय 2022–23 तक | पुनरीक्षित धनराशि 2023–24 | वास्तविक व्यय दिसम्बर 2023 तक | प्रस्तावित धनराशि 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Revenue Expenses** | | **राजस्व व्यय** | – | | | | |
| 2101 | Establishment Expenses | 2101 | अधिष्ठान व्यय | 7 | 47685.32 | 54106.20 | 40249.68 | 54346.20 |
| 2201 | Administrative Expenses | 2201 | प्रशासनिक व्यय | 7 | 899.66 | 932.50 | 611.85 | 1467.50 |
| 2301 | Operation & Maintenance | 2301 | अभियन्त्रण एवं अनुरक्षण | 8-9 | 19036.77 | 32335.00 | 22396.97 | 34285.00 |
| 2401 | Interest & Financial Charge | 2401 | ब्याज एवं वित्तीय शुल्क | 9 | 676.79 | 754.50 | 0.62 | 754.50 |
| | **TOTAL -D-** | | **योग (द)** | **9** | **68298.54** | **88128.20** | **63259.12** | **90853.20** |
| | **Capital expenses** | | **पूँजीगत व्यय** | | | | | |
| 4101 | Fixed Assets | 4101 | स्थाई सम्पत्तियाँ | 9-10 | 919.59 | 1887.50 | 1424.59 | 2490.00 |
| 3111 | Earmarked Fund | 3111 | कार्य विशेष निधियाँ | - | | | | |
| 3111 | Finance Commission: Forteenth/Fifteenth | 3111 | वित्त आयोग : चौदहवाँ / पन्द्रहवाँ | 10 | 17938.87 | 28300.00 | 7156.23 | 28300.00 |
| 3111 | Infrastructure Fund, KDA, Awas Vikas | 3111 | अवस्थापना निधि,विकास प्रधिकरण,आवास विकास | 10 | 1787.01 | 4390.00 | 1690.46 | 4390.00 |
| 3111 | Other Earmarked Fund | 3111 | अन्य कार्यविशेष निधियाँ | 10 | 2751.62 | 7255.00 | 3367.77 | 7240.00 |
| 4608 | Municipal Bond Expenses | 4608 | म्यूनिसिपल बाण्ड हेतु व्यय | 11 | 0.00 | 6100.00 | 49.27 | 3550.00 |
| | **Total -E-** | | **योग (य)** | 11 | **23397.09** | **47932.50** | **13688.32** | **45970.00** |
| | **Total -(D+E)** | | **योग (द+य)** | **11** | **91695.63** | **136060.70** | **76947.44** | **136823.20** |
| | | | | | | | | |
| 3111 | Reserve Fund (Transfer & Adjustments) | 3111 | रिजर्व फण्ड (हस्तान्तरण एंव समायोजन) | 11 | 230.20 | 578.00 | -310.57 | 0.00 |
| | **TOTAL -F-** | | **योग (र)** | **11** | **230.20** | **578.00** | **-310.57** | **0.00** |
| | **Total Revenue, Capital & Reserve Fund Expenses (D+E+F)** | | **कुल राजस्व, पूँजीगत एवं रिजर्व फण्ड व्यय (द+य+र)** | **11** | **91925.83** | **136638.70** | **76636.87** | **136823.20** |
| 3401 | Less :- Outstanding dues / Suspenses | 3401 | घटायें :– देयतायें / उचन्त खाते | 11 | -1470.23 | 0.00 | 2776.51 | 0.00 |
| | **Net Revenue & Capital Expenses** | | **शुद्व राजस्व, पूँजीगत एवं रिजर्व फण्ड व्यय** | **11** | **93396.06** | **136638.70** | **73860.36** | **136823.20** |
| 4502 | Closing Balance | 4502 | अन्तिम अवशेष :– | 11 | 46502.78 | 49185.68 | 54891.46 | 49787.48 |
| | **Grand Total** | | **महायोग** | **11** | **139898.84** | **185824.38** | **128751.82** | **186610.68** |

..................सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024–2025 के नगर निगम के मूल बजट आय पक्ष में दर्शायी गयी धनराशि रू0 **137425.00** लाख एवं प्रारम्भिक अवशेष रू0 **49185.68** लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू0 **186610.68** लाख तथा व्यय पक्ष में धनांक रू0 **136823.20** लाख एवं अन्तिम अवशेष रू0 **49787.68** लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू0 **186610.68** लाख को स्वीकृति प्रदान करते हुये सदन को अग्रसारित किया गया ।

## टेबुल प्रस्ताव संख्या – 45

महाप्रबन्धक, जलकल द्वारा प्रस्तुत एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित जल कल, नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2024–25 के मूल बजट प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

### जलकल विभाग नगर निगम कानपुर
### प्रस्तावित वार्षिक बजट वर्ष 2024–25

(रू0 लाख में)

| Account Code | S.N. | Account Head | लेखा शीर्षक | लेखा मद | | वास्तविक आय 2022–23 | पुनरीक्षित आय 2023–24 | वास्तविक आय दिसम्बर, 2023 तक | प्रस्तावित आय 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | **Revenue Income** | _ | **राजस्व आय –** | _ | | | | |
| 1100201 | | Water Tax | 1100201 | जलकर | | 7896.23 | 10140.00 | 5195.92 | 11458.00 |
| 1501011 | | Additional Water Charge/Minimum Charge | 1501011 | अतिरिक्त जलमूल्य / न्यूनतम प्रभार | | 2199.15 | 3200.00 | 1476.67 | 3616.00 |
| 1100301 | | Sewer Tax and minimum charges | 1100301 | सीवर कर एवं न्यूनतम प्रभार | | 3159.56 | 4400.00 | 2094.08 | 4972.00 |
| 1408002 | | Other receipts | 1408002 | अन्य प्राप्तियाँ | | 36.62 | 35.00 | 25.52 | 40.00 |
| 1408001 | | Surcharge | 1408001 | अधिभार | | 40.02 | 45.00 | 20.32 | 51.00 |
| 1401502 | | Regularization | 1401502 | नियमितीकरण | | 28.23 | 25.00 | 18.62 | 28.00 |
| 1401401 | | Development Charge | 1401401 | विकास शुल्क | | 134.32 | 155.00 | 86.88 | 175.00 |
| | | **Total Revenue Income** | | **योग राजस्व आय–** | | **13494.13** | **18000.00** | **8918.01** | **20340.00** |
| 3111000 | B | **Earmarked Fund** | | **कार्य विशेष निधियां** | _ | | | | |
| | | Deposit work | 3111301 | डिपाजिट कार्य | | | | | |
| 3111001 | 1 | MP/MLA Fund | | सांसद / विधायक निधि | | 467.53 | 450.00 | 514.08 | 650.00 |
| 3111002 | 2 | Infrastructure Fund | | अवस्थापना निधि | | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 3111003 | 3 | K.N.N. Scheme | | के0एन0एन0 योजना | | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 3111004 | 4 | KDA Fund | | के0डी0ए0 फण्ड | | 0.00 | 850.00 | 0.00 | 850.00 |
| 3111005 | 5 | 14th/15th Finance Commission | | 14वां / 15वां वित्त आयोग | | 3413.43 | 5650.00 | 3103.87 | 4000.00 |
| 3111006 | 6 | State Finance Commission | | राज्य वित्त आयोग | | 25.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 3112301 | 7 | Grant(Power | 3112301 | अनुदान (विधुत एवं | | 4197.16 | 4500.00 | 0.00 | 4500.00 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | & Expenses) | | व्यय) | | | | | |
| | **8** | UPSIDC | | यू0पी0एस0आई0डी0सी0 | | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 0.00 |
| | | **Total Capital Income** | | **योग पूंजीगत आय–** | | **8103.12** | **11700.00** | **3637.95** | **10250.00** |
| | **C** | Salary Grant(5th State Finance Commission) | | वेतन अनुदान (पंचम राज्य वित्त आयोग) | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3600.00 |
| | | **Sum(A+B+C)** | | **योग–(क+ख+ग)** | | **21597.25** | **29700.00** | **12555.96** | **34190.00** |
| | | Opening Balance | | प्रारम्भिक अवशेष | | 8189.20 | 6599.00 | 250.03 | 6900.00 |
| | | **Grand Total** | | **महायोग –** | | **29786.45** | **36299.00** | **12805.99** | **41090.00** |

## जलकल विभाग नगर निगम कानपुर

### प्रस्तावित वार्षिक बजट वर्ष 2024–25

(रू0 लाख में)

| **Account Code** | **S.N.** | **Account Head** | **लेखा शीर्षक** | **लेखा मद** | **पृष्ठ सं0** | **वास्तविक व्यय 2022–23** | **पुनरीक्षित व्यय 2023–24** | **वास्तविक व्यय दिसम्बर, 2023 तक** | **प्रस्तावित व्यय 2024–25** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **A** | **Revenue Expenditure** | _ | **राजस्व व्यय –** | _ | | | | |
| 2101001 | 1 | Establishment Expenses | 2101001 | अधिष्ठान व्यय | 3 | 11727.70 | 11445.00 | 8341.03 | 12167.50 |
| 2303004 | 2 | Supplies of Material | 2303004 | सामग्रियों की आपूर्ति | 4 | 809.32 | 1222.00 | 824.59 | 1462.00 |
| 2308007 | 3 | Administrative Expenses | 2308007 | प्रशासनिक व्यय | 5 | 99.44 | 250.00 | 122.40 | 239.50 |
| 2305006 | 4 | Operation & Maintenance | 2305006 | संचालन एवं रख–रखाव व्यय | 6 | 1810.64 | 3470.00 | 2065.40 | 5130.00 |
| 2208003 | 5 | Expenses General Tax (Adjustment) | 2208003 | जनरल टैक्स (समायोजन) | | 0.00 | 200.00 | 0.00 | 0.00 |
| | | **Total Revenue Expenditure** | | **योग राजस्व व्यय–** | | **14447.10** | **16587.00** | **11353.42** | **18999.00** |
| | **B** | **Capital Expenditure** | | **पूंजीगत व्यय –** | _ | | | | |
| 4104007 | 1 | Purchase of water measuring instruments | 4104007 | जल मापक यन्त्रों का क्रय | | - | 5.00 | - | 2.00 |
| 4106001 | 2 | Purchase of machines and equipment | 4106001 | मशीनों तथा यन्त्रों का क्रय | | 24.00 | 27.00 | - | 20.00 |
| 4107001 | 3 | Furniture and computer purchases | 4107001 | फर्नीचर तथा कम्प्यूटर क्रय | | 15.00 | 100.00 | - | 150.00 |
| 4105001 | 4 | Vehicles, Tractors, Tanker purchases | 4105001 | वाहन, ट्रैक्टर, टैंकर क्रय | | - | 100.00 | - | 50.00 |
| 4102001 | 5 | Building construction and land | 4102001 | भवन निर्माण एवं भूमि | | 23.00 | 100.00 | - | 150.00 |
| 4107006 | 6 | Contigent capital expenditure | 4107006 | आकस्मिक पूंजीगत व्यय | | - | 50.00 | - | 20.00 |
| 4103101 | 7 | Laying of new pipelines (water) | 4103101 | नई नलिकायें बिछाना (जल) | | 24.50 | 350.00 | 118.31 | 250.00 |
| 4103102 | 8 | Laying of new pipelines (sewer) | 4103102 | नई नलिकायें बिछाना (सीवर) | | - | 350.00 | 167.84 | 250.00 |
| 4104003 | 9 | Purchase of new pumping/motor pump | 4104003 | नये पम्पिंग/मोटर पम्प सेट का क्रय | | 24.30 | 75.00 | - | 30.00 |
| | | Development works in Slums | | मलिन बस्तियों में विकास कार्य | | - | 0.00 | - | 100.00 |
| | | **Total Capital Expenses** | | **योग पूंजीगत व्यय –** | | **110.80** | **1157.00** | **286.15** | **1022.00** |
| | | **Total Revenue & Capital Expenses** | | **योग राजस्व एवं पूंजीगत** | | **14557.90** | **17744.00** | **11639.57** | **20021.00** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | व्यय – | | | | | |
| 3111000 | C | **Earmarked Fund** | 3111000 | **कार्य विशेष निधियां** | _ | | | | |
| | | Deposit work | | डिपाजिट कार्य | | | | | |
| 3111001 | 1 | MP/MLA Fund | 3111001 | सांसद / विधायक निधि | | 276.04 | 450.00 | 519.97 | 650.00 |
| 3111002 | 2 | Infrastructure Fund | 3111002 | अवस्थापना निधि | | 2.20 | 100.00 | 0.30 | 100.00 |
| 3111003 | 3 | K.N.N. Scheme | 3111003 | के0एन0एन0 योजना | | 6.03 | 50.00 | 0.83 | 50.00 |
| 3111004 | 4 | KDA Fund | 3111004 | के0डी0ए0 फण्ड | | 571.41 | 850.00 | 249.75 | 850.00 |
| 3111005 | 5 | 14th/15th Finance Commission | 3111005 | 14वां / 15वां वित्त आयोग | | 4693.91 | 5650.00 | 363.26 | 4000.00 |
| 3111006 | 6 | State Finance Commission | 3111006 | राज्य वित्त आयोग | | 0.00 | 100.00 | 20.00 | 100.00 |
| 31120301 | 7 | Grant (Power & Expenditure) | 31120301 | अनुदान (विधुत एवं व्यय) | | 4197.16 | 4500.00 | 0.00 | 4500.00 |
| | | **Total Expenditure** | | **कुल व्यय –** | | **9746.75** | **11700.00** | **1154.11** | **10250.00** |
| | | Salary Grant(5th State Finance Commission) | | वेतन अनुदान (पंचम राज्य वित्त आयोग) | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3600.00 |
| | | **Grand Total (A+B+C) Expenses** | | **कुल योग (अ+ब+स) व्यय** | | **24304.65** | **29444.00** | **12793.68** | **33871.00** |
| | | Closing Balance | | **अन्तिम अवशेष** | | 5481.80 | 6855.00 | 12.31 | 7219.00 |
| | | **Grand Total** | | **महायोग** | | **29786.45** | **36299.00** | **12805.99** | **41090.00** |

**..................सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024–2025 के जल कल, नगर निगम के मूल बजट आय पक्ष में दर्शायी गयी धनराशि रू0 34190.00 लाख एवं प्रारम्भिक अवशेष रू0 6900.00 लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू0 41090.00 लाख तथा व्यय पक्ष में धनांक रू0 33871.00 लाख एवं अन्तिम अवशेष रू0 7219.00 लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू0 41090.00 लाख को स्वीकृति प्रदान करते हुये सदन को अग्रसारित किया गया ।**

## टेबुल प्रस्ताव संख्या – 46

अपर नगर आयुक्त द्वारा प्रस्तुत, नगर आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

नगर आयुक्त कार्यालय पत्रांक 1159/3/प दिनांक 24.02.2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा –221 के अन्तर्गत लेखा वर्ष 2024–25 छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत भवन/भू पर आरोपित एवं देय सामान्य कर (गृहकर) की दरों मे विगम वर्षो की भॉति वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्न प्रकार से प्रस्तावित है –

1. रू0 1200/– वार्षिक मूल्य तक की सम्पत्तियों पर गृहकर की दरें वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत।
2. रू0 1200/– से अधिक वार्षिक मूल्य की सम्पत्तियों पर गृहकर की दरें वार्षिक मूल्य का 15 प्रतिशत।
3. नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों के ऐसे भवन/भू–स्वामियों एवं अध्यासियों जिनके द्वारा प्रति वर्ष नियमित रूप से नगर निगम का सम्पत्ति कर (गृहकर) भुगतान किया जाता है, के व्यापक हित, नगर निगम की आय को गतिमान रखे जाने एवं ईमानदार करदाताओं को प्रोत्साहित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुये, एसे करदाताओं जिन पर कोई बकाया शेष न हो और वित्तीय वर्ष 2024–2025 का पूर्ण सामान्य कर (गृहकर) एकमुश्त जमा किये जाने पर वित्तीय वर्ष 2024–25 पर 10 प्रतिशत की छूट 01 अप्रैल से 31 जुलाई 2024 तक दिये जाने का प्रस्ताव मा0 सदन/मा0 कार्यकारिणी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं स्वीकृतार्थ प्रस्तुत है।

**......................तद्नुसार स्वीकृति प्रदान करते हुए सदन को अग्रसारित किया गया।**

**<u>टेबुल प्रस्ताव संख्या – 47</u>**

मा0 अरूण भारतीय, श्री बाबा आनन्देश्वर धाम श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के पत्र पर अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट द्वारा प्रस्तुत, नगर आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

**विषय : ग्रीन पार्क चौराहे से परमट की ओर आनन्देश्वर मन्दिर का प्रवेश द्वार बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे।**

कृपया मा0 कार्यकारिणी समिति के संज्ञान में लाना है कि कानपुर शहर के परमट में अति प्राचीन ''सिद्धनाथ मन्दिर'' स्थापित है, जिसमें शहर के श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा जुड़ी हुई है एवं नियमित रूप से हजारों की संख्या में नित्य दर्शन हेतु श्रव्द्धालु इस मन्दिर में आते है। इसी क्रम में उक्त अति प्राचीन मन्दिर जो कि श्री पंचदश नाम जूना आखाड़ा प्रबन्ध समिति, श्री आनन्देश्वर महादेव मठ 13/78 परमट, कानपुर की देखरेख एवं संरक्षण में है, के द्वारा ग्रीन पार्क चौराहे से परमट की ओर आनन्देश्वर मन्दिर का प्रवेश द्वार बनाये जाने हेतु विभागीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

कृपया उपरोक्तानुसार जनहित एवं कार्यहित में ''ग्रीनपार्क चौराहे से परमट की ओर आनन्देश्वर मन्दिर का प्रवेश द्वार'' बनाये जाने की स्वीकृति/निर्णय हेतु प्रस्ताव मा0 कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत है।

..................**तद्नुसार ग्रीन पार्क चौराहे से परमट की ओर आनन्देश्वर मन्दिर का प्रवेश द्वार बनाये जाने हेतु एन0ओ0सी0 प्रदान किये जाने के साथ स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**<u>टेबुल प्रस्ताव संख्या – 48</u>**

श्री योगेन्द्र शर्मा, मा0 पार्षद वार्ड 65/ सदस्य कार्यकारिणी, श्री अभिषेक गुप्ता, पार्षद, श्रीमती आरती गौतम, पार्षद, श्री निर्देश सिंह चौहान, पार्षद, श्री पवन गुप्ता, पार्षद द्वारा प्रस्तुत एवं मा0 महापौर द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

विषय : <u>बिना शिलालेख के ठेकेदारों का भुगतान न किये जाने के सम्बन्ध में।</u>

आपके माध्यम से कार्यकारिणी में यह प्रस्ताव लगाना चाहता हूँ कि बहुत से विकास कार्य बिना शिलालेख लगे भुगतान में चले जाते है, जिससे आम जनमान को पता ही नहीं चलता कि उक्त विकास कार्य किसने कराया है।

अत : आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पास करने की कृपा करें ताकि बिना शिलालेख का पत्थर लगे फाइलों का भुगतान न हो।

................ **तद्नुसार मुख्य अभियन्ता (सिविल) को जॉच कर नगर निगम निधि के कार्यो में कार्यवाही किये जाने के साथ मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को शिलालेख न लगे पत्रावली में भुगतान रोकने हेतु निर्देशित किया गया।**

**<u>टेबुल प्रस्ताव संख्या – 49</u>**

श्री नवीन पण्डित, श्री सौरभ देव, श्री आकर्ष वाजपेई, श्री अभिनव शुक्ला, पार्षद द्वारा प्रस्तुत एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

विषय : **पार्क, ग्रीन बेल्ट, चौराहे की डिजाइन मा0 कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति उपरान्त निर्माण कार्य/ एन0ओ0सी0 दिये जाने के सम्बन्ध मे।**

अवगत कराना है कि कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत **पार्क, ग्रीन बेल्ट, चौराहे** नगर निगम द्वारा निर्माण किये जाने अथवा किसी संस्था/फर्म को निर्माण हेतु एन0ओ0सी0 दे दिये जाने पर मनमाना कार्य होता है, जिसके कारण शहर के पार्क, ग्रीन बेल्ट, चौराहे बेतरतीब नजर आते है एवं किसी –किसी चौराहे पर सिर्फ फर्म का नाम ही नजर आता है, हरियाली एवं सुन्दरता से उनका काई नाता नही होता है।

अतएव कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत **पार्क, ग्रीन बेल्ट, चौराहे** नगर निगम द्वारा निर्माण किये जाने अथवा किसी संस्था/फर्म को निर्माण हेतु एन0ओ0सी0 दे दिये जाने से पूर्व मा0 कार्यकारिणी समिति का अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव मा0 कार्यकारिणी समिति के समक्ष स्वीकृत्यर्थ प्रस्तुत है।

...................**तद्नुसार स्वीकृति प्रदान की गयी ।**

**टेबुल प्रस्ताव संख्या – 50**

श्री नवीन पण्डित, श्री सौरभ देव, श्री आकर्ष वाजपेई, श्री अभिनव शुक्ला, पार्षद द्वारा प्रस्तुत एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

विषय : **दिशा सूचक लगाने हेतु अनुमति प्रदान करने से पूर्व मा0 कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध मे।**

अवगत कराना है कि नगर निगम सीमान्तर्गत मार्गो पर दिशा सूचक लगाये जाने की अनुमति प्राप्त की जाती है। जो कि कानपुर नगर निगम के मुख्य मार्गो, गलियों में कुकुरमुत्ते की तरह नजर आते है, इससे नगर निगम फुटपाथ भी गायब हो रहे है एवं आम जन को फुटपाथ पर चलने में परेशानी होती है, साथ ही दिशा सूचकों में नगर निगम, कानपुर का **लोगों ( प्रतीक चिन्ह )** भी नहीं रहता है।

अतएव नगर निगम सीमान्तर्गत मार्गो पर दिशा सूचक लगाये जाने की अनुमति मा0 कार्यकारिणी समिति से प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव मा0 कार्यकारिणी समिति के स्वीकृत्यर्थ प्रस्तुत है।

.....................**तद्नुसार स्वीकृति प्रदान करते हुए पूर्व के प्रतीक चिन्हों की अनुमति निरस्त करते हुए पुनः अनुमति हेतु मा0 कार्यकारिणी की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें।**

**टेबुल प्रस्ताव संख्या – 51**

श्री नवीन पण्डित, श्री सौरभ देव, श्री आकर्ष वाजपेई, श्री अभिनव शुक्ला, पार्षद द्वारा प्रस्तुत एवं मा0 महापौर जी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

विषय :**''आडी स्टेडिया कन्सल्टेंट प्राईवेट लिमिटेड'' के** सी0एस0आर0 फण्ड से गैंजेस क्लब के पास एवं बेनाझाबर के पास स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित मल्टी स्पोर्टस कॉम्लेक्स का गेट बनवाये जाने के सम्बन्ध मे।

अवगत कराना है कि **''आडी स्टेडिया कन्सल्टेंट प्राईवेट लिमिटेड'' के** सी0एस0आर0 फण्ड से गैंजेस क्लब के पास एवं बेनाझाबर के पास स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित मल्टी स्पोर्टस कॉम्लेक्स का गेट बनवाये जाने हेतु एन0ओ0सी0 चाही गयी है।

अतएव ''**आडी स्टेडिया कन्सल्टेंट प्राईवेट लिमिटेड'' के** सी0एस0आर0 फण्ड से गैंजेस क्लब के पास एवं बेनाझाबर के पास स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित मल्टी स्पोर्टस कॉम्लेक्स का गेट बनवाये जाने हेतु एन0ओ0सी0 प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव मा0 कार्यकारिणी समिति के समक्ष स्वीकृत्यर्थ प्रस्तुत है।

**....................तद्नुसार गैंजेस क्लब के पास एवं बेनाझाबर के पास स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित मल्टी स्पोर्टस कॉम्लेक्स का गेट बनवाये जाने हेतु एन0ओ0सी0 प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।**

सभापति ने दिनांक 24 फरवरी 2024 को सम्पन्न हुई मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के सम्बन्ध मे सभी सदस्यों से अपना–अपना अभिमत व्यक्त करने के लिये कहा।

**........................सभी सदस्यों द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2024 को सम्पन्न हुई मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।**

**.......................................................................**

तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही का समापन हुआ।

**(प्रमिला पाण्डेय )**
**महापौर／सभापति**